# शालीमार पेंट्स ने हीरो प्रोडक्ट्स लाइन में इनोवेटिव सॉल्यूशंस किया पेश

रांची: भारतीय पेंट्स इंडस्ट्री में अग्रणी और पिछले 120 वर्षों से सक्रिय शालीमार पेंट्स लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट हीरो की कामयाबी का जश्न मनाया और साथ ही, कई नवाचारी (इनोवेटिव) प्रोडक्ट्स पेश कर पोर्टफोलियो में भी विस्तार किया है। इस इवेंट में खासतौर से हीरो 5-इन-1 सुपर प्रीमियम इंटीरियर इमल्शन की जबर्दस्त सफलता का जश्न मनाते हुए, हीरो सुपर प्रीमियम एक्सटीरियर इमल्शन तथा हीरो इंटीरियर एक्सटीरियर का लॉन्च किया गया। शालीमार पेंट्स ने अपने कैम्पेन 'अपग्रेड किया क्या' के तहत् इन नए प्रोडक्ट्स को पेश किया है। उल्लेखनीय है कि यह कैम्पेन ग्राहकों को उन्नत टैक्नोलॉजी के इस्तेमाल से तैयार पेंट्स से अपने घरों की शोभा बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। शालीमार पेंट्स ने अपनी जोरदार रिसर्च एवं डेवलपमेंट क्षमताओं का लाभ उठाकर इन इनोवेटिव प्रोडक्ट्स को लॉन्च किया है। कुलदीप रैना, डायरेक्टर – सेल्स एंड मार्केटिंग, शालीमार पेंट्स ने कहा कि यह इवेंट वास्तव में, नवाचार और उत्कृष्टता हासिल करने के शालीमार पेंट्स के अथक प्रयासों का सबूत है। हम अपने हीरो सुपर प्रीमियम इंटीरियर इमल्शन की कामयाबी से बेहद खुश हैं, यह बाजार में आने के एक साल के अंदर ही ग्राहकों का मनपसंद बन गया है।शालीमार पेंट्स ने इलास्टोमेरिक और फाइबर रीन्फोर्समेंट गुणों के साथ अत्याधुनिक टैक्नोलॉजी से तैयार वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशंस का एडवांस कलेक्शन भी पेश किया है। इनमें दरारों को भरने की जबर्दस्त क्षमता है और ये मामूली दरारों को भी कुशलतापूर्वक भरने में कारगर हैं जिससे पानी का रिसाव रुकता है और स्ट्रक्चर को भी नुकसान नहीं पहुंचता।